# Varshphal by Gold Medalist Astrologer Mr. Sanjiv Kr. Markan
Mobile No.: 09810625635

## मसिक फल अगस्त 2008

**मेष** व्यापारिक अनुष्ठान की परेशानियों को घर तक न लायें। निम्न वर्ग के लोगों से सावधान रहें। भाग्य की रूकावट को नियति समझें। आपको नींद न आना कोई बीमारी नहीं है। बच्चों की सलाह से घर में हर्षपूर्ण वातावरण बनायें। पत्नी पक्ष की सलाह आपको परेशान कर सकती है। विद्यार्थी वर्ग परिजनों की सलाह से अपने लिए नये मार्ग प्रशस्त करें। नये अनुबंधों को करने से पहले पेपर्स की भली प्रकार जांच कर लें। यदि आप महिला हैं तो बच्चों को उचित सलाह दें। तारीख 3, 4, 12, 13, 19, 20 हितकर नहीं हैं।

**वृष** चहुं ओर से लाभ मानसिक स्थिति को हर्षित करता है। नया वाहन आने के योग बन रहे हैं। यह समय भूमि की खरीद-फरोख्त के लिए बहुत उचित है। आप कुछ समय के लिए यात्राओं को स्थगित कर दें। अपने परिजनों पर खर्च करके आप घर में सौहार्द वातावरण बनायेंगे। बच्चों को मौसी व बुआओं से कुछ उपहार की प्राप्ति होगी। विद्यार्थी वर्ग मित्रा मण्डली को त्याग कर घर में समय गुजारें। महिलाएं कुछ सौंद्र्य प्रसाधन खरीदेंगी। तारीख 5, 6, 12, 13, 22 शुभ नहीं हैं।

**मिथुन** पहले सप्ताह में ही आपको विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। चले आ रहे कामों में रूकावट को दूर होते हुए देखेंगे। शेयर्स बाजार से आपको अचानक लाभ की प्राप्ति होगी। पत्नी को उनके धार्मिक कृत्यों के लिए मना न करें। आपके घर पर परिजनों से मिलन का योग चल रहा है। पत्नी की सलाह से कुछ कठिन स्थितियों पर काबू कर पायेंगे। संतान पक्ष आपकी जेब पर निगाह रखेगी। विद्यार्थी वर्ग अपने गुस्से पर नियंत्राण रखें। वाहन का संचालन सावधानी से करें। तारीख 10, 11, 15, 16, 25 आपको हितकर नहीं हैं।

**कर्क** इस मास में आपकी मानसिक चिंता बढ़ेगी। कुछ पानी की बीमारियां व पत्नी का स्वास्थ्य आपकी परेशानी का सबब बनेगा। बच्चों की मदद से विकट स्थिति पर काबू कर पायेंगे। घर में कुछ भौतिक सामान की खरीदारी हो सकेगी। किसी की जिम्मेदारी लेना आपको महंगा पड़ सकता है। किसी भी तरह से आपको व्यापारिक क्षेत्रा से लाभ प्राप्त होता रहेगा। विद्यार्थी वर्ग मित्रा मण्डली को त्याग कर परिजनों की सलाह लें। तारीख 12, 13, 17, 18, 26, 27 हितकर नहीं हैं।

**सिंह** मास के उत्तरार्ध में लाभ में बढ़ोत्तरी होगी। कुछ विशिष्ट लोगों से मुलाकात आपको हर्षित करेगी। आपके परिजन भी आपके लिए हर्षित वातावरण बनायेंगे। संतान पक्ष की कुछ बातें मन में रोष लायेंगी। यात्राओं के योग प्रबल बन रहे हैं। घर में बहन-बेटियों का आना जाना हो सकता है। आप पेट दर्द की शिकायत से परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग अपनी मधुर वाणी से परिजनों का मन मोह लेंगे। थोड़े परिश्रम से अपने लिए सही मार्ग खोज पायेंगे। महिलाएं खर्च पर नियंत्राण करें। 15,16,19,20,28, 29 अशुभ हैं।

**कन्या** कामों की रूकावट को देख कर मन में परेशानी का वातावरण बनेगा। संतान पक्ष की बातों से मन में परेशानी होगी। घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन आपको विशेष हितकर रहेगा। भाइयों का सहयोग आपके लिए खर्च को बढ़ायेगा। किसी पुराने मित्रा से मुलाकात के प्रबल योग बन रहे हैं। महिलाएं पति के व्यापार में सही सलाह दें। आप कुछ आधुनिक सुख सुविधाओं का संयोजन करेंगे। शेयर्स बाजार में थोड़ा लाभ रहेगा। तारीख 4, 17, 18, 22, 23 अशुभ रहेंगी।

kundli.cityemails.com

**तुला** मास के उत्तरार्ध में आपकी विशेष लोगों से मुलाकात होगी। इस मास में आपको लाभ कमाने के लिए भागादौड़ी ज्यादा करनी पड़ेगी। अपने बुजुर्गों के आशीर्वाद से विकट स्थिति पर काबू कर पाओगे। बच्चों की सलाह से व्यापारिक प्रतिष्ठान पर हर्षित वातावरण बनेगा। घर से बाहर यात्राा परेशानी का सबब बनेगी। शेयर्स बाजार से आपको लाभ मिल सकता है। यदि आप महिला हैं तो अपने खर्च पर नियंत्राण करें। विद्यार्थी वर्ग परिजनों को सही समझ कर उनका कहना मानें। तारीख 5, 19, 20, 24, 25 आपके लिए लाभकारी नहीं हैं।

**वृश्चिक** आपकी वाणी बहुत सारी विकट स्थितियों पर काबू कर पायेगी। परिजनों का रोष आपको परेशान कर सकता है। किसी की जिम्मेदारी लेना आपको महंगा पड़ेगा। संतान पक्ष आपके सम्मान को बढ़ायेगा। व्यापार में अधिक लोगों से मिलना आपको हितकर रहेगा। उच्च व निम्न वर्ग के लोग ऑफिस में आपके पक्ष की बातें करेंगे। विद्यार्थी वर्ग परिवार के लोगों में बैठ कर अपनी परेशानियों को निपटा सकते हैं। यदि आप महिला हैं तो आपके साहसिक कार्यों से लाभ की बढ़ोत्तरी होगी। आप किसी धार्मिक क्षेत्रा की यात्राा करेंगे। तारीख 7, 8, 22, 26 आपको परेशान कर सकती हैं।

**धनु** ईमानदारी ही सफलता की कुंजी है। आप अपने व्यापार को इस बात से तरक्की की राह दिखाएंगे। अपने गुस्से पर नियंत्राण करके आप हर्षित वातावरण बनायें। यात्रााएं करके आप अपने लाभ को बढ़ायेंगे। मास के उत्तरार्ध में आपको विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार से आपको शांति मिलेगी। संतान पक्ष आपकी जेब पर भारी पड़ सकते हैं। इस मास में आपको विशेष लाभ की प्राप्ति होगी। विद्यार्थी वर्ग अपने गुस्से पर नियंत्राण करें। महिलाएं अधिक खर्च के लिए पति को परेशान न करें। 1,10,11,25,26,28 अशुभ हैं।

**मकर** किसी धार्मिक क्षेत्रा की यात्राा करके आप सामाजिक लाभ प्राप्त करें। पत्नी के स्वास्थ्य में गिरावट सामायिक बीमारी है। छोटी छोटी बातों को लेकर आप परेशान न हों। संतान पक्ष की काफी सारी बातों को अनदेखा कर दें। परिजनों पर कुछ खर्च करने के योग बन रहे हैं। ऑफिस में उच्च वर्ग के लोग आपको परेशान कर सकते हैं। विद्यार्थी माता पिता की सलाह से अपने लिए नये मार्ग प्रशस्त करें। यदि आप महिला हैं तो पति को सहयोग करके हर्ष का वातावरण बनायें। मास के उत्तरार्ध में आपको अधिक लाभ प्राप्त होगा। तारीख 12, 13, 26, 27, 30, 31 हितकर नहीं हैं।

**कुंभ** इस मास में आपको लाभ और हानि बराबर होता रहेगा। यात्रााओं में चोरों का भय आपको सताता रहेगा। ईमानदारी के रास्ते आपको ईमानदारी के नये साधन प्राप्त होते रहेंगे। ऑफिस में कुछ लोग आपको परेशान कर सकते हैं। बाहर का खाना आपकी परेशानी का सबब बन सकता है। संतान पक्ष आपसे ज्यादा मम्मी का कहना मानेंगी। विद्यार्थी वर्ग मित्रा मण्डली का त्याग करसही मार्ग प्रशस्त करें। महिलाएं अधिक खर्च की मांग करके पति को चिंता में न डालें। धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेना हितकर है। 1, 5, 6, 15, 26, 28 हितकर नहीं हैं।

**मीन** इस मास में आपको विशेष लाभ हर्षित करेगा। परन्तु घरवालों पर कुछ अधिक व्यय करना पड़ सकता है। संतान पक्ष की बातों से मन को परेशान न करें। किसी की जिम्मेदारी लेना आपके लिए महंगा पड़ सकता है। उच्च रक्तचाप से आप परेशान हो सकते हैं। महिला वर्ग बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान दें। विद्यार्थी वर्ग इस समय को आवारागर्दी में न लगायें। अपनी इच्छा शक्ति को सकारात्मक कार्यों में लगायें। महिलाएं घर के सभी लोगों के लिए सूत्राधार का कार्य करें। नौकरी पेशा लोग उच्च वर्ग से सावधान रहें। तारीख 3, 4, 7, 8, 17, 18 हितकर नहीं हैं।

Mobile. 09810625635

kundlicityemails.com